# दिनांक 04–06–2026 को विकास भवन सभागार, मुजफ्फरनगर में ''जिला प्रशासन समन्वय समिति'' (कोर कमेटी) की बैठक माननीय प्रभारी मंत्री डॉ0 सोमेन्द्र तोमर जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 04–06–2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''**जिला प्रशासन समन्वय समिति**'' (जनपदीय कोर कमेटी) की बैठक पूर्वान्ह 11.00 बजे विकास भवन सभागार, मुजफ्फरनगर में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई, जिसमें माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष, श्री वीरपाल निर्वाल जी, माननीय राज्यमंत्री (स्व0प्र0) श्री कपिल देव अग्रवाल जी, माननीय जिलाध्यक्ष, श्री सुधीर सैनी जी, माननीय विधायक बुढ़ाना , श्री राजपाल बालियान जी, माननीय जिलाध्यक्ष आरएलडी, श्री संजय राठी जी, माननीय नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप जी, माननीय विधान परिषद सदस्य, श्रीमती वन्दना वर्मा जी, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे है तथा जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, उपाध्यक्ष प्राधिकरण एवं अन्य जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम प्रशासन द्वारा विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यो तथा नवीन योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन, नगर पालिका परिषद् एवं पुलिस अधीक्षक, चौराहे पर साफ–सफाई कराने तथा सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश के क्रम में कार्यवाहीकी गयी तथा अतिक्रमण हटाओं अभियान रेहड़ी दुकानदारों को आई0डी प्रुफ चैक, मुख्य चौराहों को अतिक्रमण मुक्त किया गया तथा साफ–सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। शहर का सर्वे कर पूर्ण होने वाली सड़कों पर शिलापट्ट बोर्ड लगाये ला रहे है। शेष कार्य हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया हैं। सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु संयुक्त कमेटी बनायी जाने तथा विभागवार समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में अतिक्रमण हटाने के कार्य में प्रगति हुई है।

जनपद में सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है, स्मार्ट मीटर का विषय था यह कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है।

**गन्ना विभाग–** जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान कर दिया गया है।

**जल निगम विभाग–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टंकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जनप्रतिनिधियों को प्रस्तावित कार्यो की सूची माह मार्च 2026 में उपलब्ध करा दी गयी है जो रह गये है, उनको शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जायेगी। सालारपुर में जो पानी की टंकी आधी छोड़ दी है अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य को पूर्ण हेतु निर्देशित किया गया।

**लोक निर्माण विभाग**– अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के पैचिंग/गढ़ढे का कार्य पूर्ण हो गया है।

**नगर निगम/पालिका**– बैठक में वेंडर/दुकानदारों को आई0डी0 कार्ड बनाकर उनको अनिवार्य किया जाना तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये, स्टेशन रोड़ पर वेंड़िंग जोन बना हुआ है। चाट की 26 दुकानदारों में से 18 दुकानदार विस्तापित हो गये है। संयुक्त समिति ने जो कार्य किये है, उनकी रिपोर्ट माननीय प्रभारी मंत्री जी को उपलब्ध करायी जाये। मीनाक्षी चौक पर दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा फण्ड आदि लगाकर अतिक्रमण कर रखा है, उसको शीघ्र हटाया जाये, मा0 मंत्री द्वारा शिव चौक, मीनाक्षी चौक पर अतिक्रमण करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाये जाने के निर्देश दिये गये है। मीनाक्षी चौक पर अवैध मीट दुकाने खुली हुई है, उसकी जांच कर कार्यवाही की जाये, अवैध दुकानों की सूची, लाईसेंस धारकों की सूची उपलब्ध करायी जाये तथा अवैध दुकानदारों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। अवैध बकरा मण्डी पर कार्यवाही की जाये, सड़क पर खुले में बकरों के कटान का प्रकरण संज्ञान में आया है, सड़कों के किनारे जो सरकारी जमीन पर कुछ व्यक्तियों द्वारा सरिया, रोडी डाले हुए है। समस्त कार्यो पर कार्यवाही करने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये।

**जल निगम (शहरी)**– मा0 मंत्री जी द्वारा बरसात से पहले जनपद के सभी नाले–नालियों की साफ–सफाई का अभियान चलाया जाये तथा पानी की निकासी का कार्य दुरूस्त कर लिया जाये।

**परिवहन विभाग**– स्ट्रीट वेंडर परिवहन द्वारा भोपा रोड़ पर लोडिंग ट्रक पार्क किये जाते है उन पर कार्यवाही हेतु परिवहन विभाग को निर्देश दिये गये है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर द्वारा सुझाव –जनपद में सड़क दुर्घटना में 31 प्रतिशत की कमी आई है तथा 27 खुले स्टॉप को चिन्हित कर उनको बन्द किया गया है। शराब/ओवर स्पीड की वजह से एक्सीडेंट हो रहे है। भोपा रोड़ पर ओवर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही की जाये।

एस0डी0 कॉलेज के सामने बार चल रहा है तथा स्कूलों के सामने ड्रग की दुकाने खुली हुई है एवं नशीली दुकानें खुली हुई हैं उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये है तथा ऑपरेशन सबेरा के तहत उचित कार्यवाही की गयी। हनुमान चौक पर भी कार्यवाही की गयी है।

माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर सड़कों पर अवैध पार्क किये वाहन एवं लोडिंग वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जाये। इस पर कप्तान साहब ने बताया कि पूर्व में 27 वाहन चालान/सीज किये गये है तथा उनसे सरकारी खजाने में राशि भी प्राप्त हुई है। दो पहिया वाहनों के चालान करने से पहले उनकी ठीक से जांच करने हेतु निर्देश दिये गये है।

**कृषि विभाग**– यूरिया की काला बाजारी रोकी जाये, मुजफ्फरनगर से हरियाणा में सप्लाई करने का विषय संज्ञान में आया है, उसकी जांच कर उचित कार्यवाही की जाये। किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही है। नकली दवाई भी बाजार में मिलने की शिकायत पायी गयी है।

प्राकृतिक खेती करने वालो की सूची ब्लॉकवार बनाकर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाये तथा ऐसे लोगों को सम्मानित किया जाये।

**विकास प्राधिकरण**– अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, जिस पर विभाग द्वारा संज्ञान लेकर 24 अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की गयी है। जनपद में कुल अवैध 47 कॉलोनी हैं इनमें से 24 पर कार्यवाही की जा चुकी है तथा कुल 92 स्वीकृत कॉलोनी हैं। जिन 24 कॉलोनी की सूची जिनका ध्वस्तीकरण हुआ है जिनका नहीं है उसकी जांच करायी जाये। ध्वस्तीकरण होने के पश्चात् भी निर्माण कराया जा रहा है उन भू–माफियों पर भी कार्यवाही की जाये तथा जिनकी सहमति से कार्य हुआ है, उन पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए तथा स्वयं भी जाकर निरीक्षण करें।

**सिंचाई विभाग**– सिंचाई बन्धु की बैठक का विषय पूर्व की बैठक मे ंआया था, इस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा अमल करते हुए जनप्रतिनिधियों को बैठक में आंमत्रित करने की सूचना दी जा रही है।

**प्रदूषण विभाग**– भोपा रोड़ पर अवैध फैक्ट्रीरियों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाये तथा अवैध इन्डस्ट्रीज को सील करने की कार्यवाही/शत्रु सम्पत्ति पर कार्य करने हेतु मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देश दिये गये है।

**विद्युत विभाग**– नगर पालिका के बाहर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, उसको अभी तक हटाया नहीं गया है। इस पर विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है।

**स्वास्थ्य विभाग**– अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये है कि जिन ग्रामों में बीमारी बढ़ रही है उन ग्रामों की जांच करा लें, जो अवैध प्लान्ट लगाकर पोल्यूशन कर रहे है। उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जानी चाहिए।

बैठक के अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के साथ दिलाया जाये और यह भी निर्देश दिये गये कि सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को सम्मान किया जाना चाहिए तथा दूरभाष पर जनप्रतिनिधियों को सकारात्मक जवाब दिया जाये। अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है जिसे पुनः समिति बनाकर कार्य पूर्ण किया जाये। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी दोनों की जवाबदेही जनता के प्रति एवं दोनों लोगों को मिलकर जनता की सेवा करने के निर्देश दिये गये है। बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।